Policy statement on population

3553. SHRI SHAMIM HASHMI : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the interim policy statement on population formulated by Christian Aid and if so the salient features thereof ; and

(b) whether Government purpose to adopt the policy and work toward its success through Government and NGO efforts to offset the impending disaster associated with population explosion ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA) : (a) and (b) This Ministry is not aware of any organisation by the name of Christian Aid and its interim policy Statement on population formulated by it.

चिकित्सा व्यवसायियों का पंजीकरण

3554. **श्री रामदास अग्रवाल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने प्रशिक्षित चिकित्सा व्यवसायियों थियों ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा प्रणाली बोर्ड, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है, बोर्ड ने उनमें से कितने लोगों का पंजीकरण किया,

(ख) क्या सरकार को यह जानकारी है कि उक्त बोर्ड ने नियमों के विरुद्ध अप्रशिक्षित चिकित्सा व्यवसायियों का भी पंजीकरण किया है ;

(ग) यदि उपर्यक्त भाग (ख) का उत्तर "ना" हो, तो क्या सरकार इस संबंध में जानकारी प्राप्त करेगी ; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली में पंजीकरण कराने के लिए आवेदन करने वाले प्रशिक्षित चिकित्सकों की संख्या और उनमें से पंजीकृत किये गये व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :—

वर्ष	आवेदन करने वाले व्यक्तियों की संख्या	पंजीकृत किए गए व्यक्तियों की संख्या
1988–89	228	225
1989–90	191	177
1990–91	168	154

(ख) ऐसी कोई घटना सरकार के ध्यान में नहीं आई हैं ।

(ग) दिल्ली प्रशासन ने सरकार को सूचित किया है कि इस संबंध में उन्हें कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा प्रणाली बोर्ड, दिल्ली का चुनाव

3555. **श्री राम दास अग्रवाल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नियमों के अनुसार केवल बोर्ड चिकित्सा व्यवसायी की आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा प्रणाली बोर्ड, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली के अध्यक्ष का चुनाव लड़ सकता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछले अनेक वर्षों से इस बोर्ड के